Spoken Tutorial IIT Bombay: Faculty Development Program in Gurukul Kangri University

One days Faculty Development Program was organized in Gurukul Kangri University on 2nd May 2017 for all the Faculty Members. Dr.Mayank Aggarwal arranged and organized the program in Institute lab. Around 34 Faculty members participated and completed the training on LaTeX.



News Coverage of FDP

आईआईटी बॉम्बे छात्रों को ऑन लाइन पढ़ाएगा

हरिद्वार | हमारे संवाददाता

सुविधा

- गुरुकुल में बीटेक के छात्रों को मिलेगी सुविधा
- प्रोग्राम के अंतर्गत कई कोर्स पढ़ाए जाएंगे

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के छात्रों को आईआईटी बॉम्बे ऑनलाइन पाठ पढ़ाएगा। आईआईटी बाम्बे के स्पोकन टूटोरियल प्रोग्राम के अंतर्गत कई कोर्स पढ़ाए जाएंगे और अंत में इनकी परीक्षा होगी। इसका सर्टीफिकेशन आईआईटी बाम्बे की ओर से किया जाएगा।

इन कोर्स की शुरुआत करने के लिए मंगलवार को अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में सभी शिक्षकों के लिए एक फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार ने इसे संकाय के छात्रों के हित में एक अच्छी पहल बतायी। विवि के कुलपति डॉ. सुरेन्द्र कुमार और कुलसचिव डॉ विनोद कुमार शर्मा ने सभी छात्रों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। प्रोग्राम के संयोजक डॉ. मयंक अग्रवाल ने बताया कि आईआईटी बाम्बे, ऑन लॉइन मोड में विभिन्न पाठ्यक्रमों सीपीपी, एडवांस सी, एडवांस सीपीपी, क्यूकैड, माईएसक्यूएल, जावा, जावा बिजनेस एप्लीकेशन, पीएचपी, ब्लेडंर, जीएमपी आदि पढ़ाए जाएंगे। इस दौरान डॉ. मुरली मनोहर तिवारी, डॉ. विपुल शर्मा, डॉ. विवेक गोयल, डॉ. संजीव लांभा, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. गजेन्द्र सिंह रावत, नमित, निशान्त कुमार, सुयश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।